JOB! JOB! JOB!
TECH COMPANY hiring call center executive and Client management. Candidates should be fluent in English and Hindi. Salary Scale -7000-14000 inr according to skill. Interested Candidates can WhatsApp your CV on this number.
NAME: NEETIKA
Contact NO: 9520866299



राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र

# मुज़फ़्फ़रनगर केसरी

MK Muzaffarnagar Kesari News

RNI-UPHIN/2010-37673

प्रातःकालीन हिन्दी दैनिक

सम्पर्क सूत्र 9758856765

एक नई पहल...



संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत
स्व. श्री मनोज कुमार जी

वर्ष- 1 | अंक-66 | मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 02 दिसम्बर, 2022 | सम्वत् 2079 | E-mail : muzaffarnagarkesari@gmail.com | मूल्य-1 रुपया | पृष्ठ-4


## संक्षिप्त समाचार

### रैन वाटर हार्वेस्टिंग का लोकार्पण

मुजफ्फरनगर केसरी

**मुजफ्फरनगर।** कचहरी स्थित सिविल बार संघ के प्रांगण में विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा आरसीसी फर्श का लोर्कापण जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश ने किया। इस अवसर पर सिविल बार के सचिव सुनील मित्तल एड. ने बताया कि जनपद के जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह की पहल पर विकास प्राधिकरण द्वारा सिविल बार संघ के प्रांगण में आरसीसी फर्श व रैन वाटर हार्वेटिंग सिस्टम स्थापित कराया गया है। जिसका लोकार्पण जिला जज द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्य ठेकेदार अनिल कुमार के अलावा सिविल बार संघ के वरिष्ठ सदस्य सुखदेव मित्तल, सुगन्ध जैन एडवोकेट, कपिल गुप्ता, आंचल अग्रवाल एड., सिविल बार संघ के पूर्व सचिव बिजेन्द्र मलिक एड., धेश्याम गर्ग,श्रीमति अंतिमा सहित काफी संख्या मे सदस्य उपस्थित रहे। सिविल बार संघ के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने इस कार्य के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि सिविल बार संघ आगे भी विकास के कार्य करता रहेगा।

### वारंटी को भेजा जेल

मुजफ्फरनगर। एसएसपी के निर्देशन में जनपद पुलिस लगातार शातिरों/वांछितों को पकडने का कार्य कर रही है। सएसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी,चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में चरथावल कस्बा इंचार्ज आशुतोष ने दिलनवाज पुत्र तौफीक निवासी मोहल्ला शेखजादगान गर्वी कस्बा व थाना चरथावल को पॉक्सो एक्ट में वारन्टी को घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

बाबरी। क्षेत्र के गांव बाबरी–भंदोडा मार्ग पर बुधवार की देर शाम ट्रैक्टर ट्राला व बाइक के बीच हुई भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने ट्राले को मिल में खाली कराकर अपने कब्जे में ले लिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में जुट गयी है।

बाबरी क्षेत्र के गांव भंदोड़ा निवासी अनिकेत अपने चाचा शिवकुमार व एक १४ वर्षीय किशोर के साथ बाइक द्वारा बाबरी में ट्यूशन पढने के लिए आया था। देर शाम जब चाचा भतीजा गांव के लिए जा रहे थे तभी बाबरी–भंदोड़ा मार्ग पर बाग के निकट सामने से आ रहे ओवरलोड गन्ने के ट्रैक्टर ट्रोले से टक्कर हो गई जिसमे १६ वर्षीय अनिकेत पुत्र राजकुमार उर्फ राजू निवासी भदोडा की ओवरलोड गन्ने की ट्राली के नीचे पिछले वाले पहियों के नीचे दब गया जबकि चाचा शिवकुमार चलती बाइक से कूद गया, वहीं बाइक पर बैठा किशोर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। चाचा के शोर मचाने पर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे तथा ट्राले के पहिये के नीचे दबे अनिकेत को किसी तरह बाहर निकालकर एक चिकित्सक के पास ले गए जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजन घायल अनिकेत को लेकर मेरठ के लिए रवाना हुए लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड दिया जबकि गंभीर रूप से घायल किशोर नियम को शामली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। अनिकेत की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया वहीं गांव में भी शोक छा गया। परिजनों ने बाबरी थाने पहुंचकर ट्रैक्टर ट्राला चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना बाबरी ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। दूसरी ओर पुलिस ने गन्ने से लदे ट्रैक्टर ट्राले को अपने कब्जे में ले लिया। चर्चा है कि पुलिस ने गन्ने से भरे ट्राले को थानाभवन शुगर मिल भेजकर पहले उसे खाली कराया, उसके बाद उसे अपने कब्जे में ले लिया।

## छात्राओं को किया प्रमाण पत्र वितरित

**(मुजफ्फरनगर केसरी) मुजफ्फरनगर।** गुलशन पॉलीओल्स लिमिटेड द्वारा संचालित आशाएँ प्रशिक्षण केन्द्र( गौशाला रोड ,नई मंडी ) ने पहले बैच की इंग्लिश स्पीकिंग ,सेल्फ डिफेन्स और ग्राफिक्स डिजाइनिंग कोर्स पूर्ण करने वाली सभी ५० छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारियों ने छात्राओं को अपनी शुभकामनायें दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अनिल सिंह, अलका शर्मा, अमित गोयल, रोहित कुमार , जितेन्द्र सिंह, अरुण टंडन और केन्द्र की शिक्षिकाएँ श्रेया चुघ, शिखा चौधरी और विजय लक्ष्मी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।




## दो पालियो में दिया गया पीठासीन/प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी व तृतीय मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण





मुजफ्फरनगर केसरी

**मुजफ्फरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप 15–खतौली विधानसभा उपनिर्वाचन 2022 के मतदान को जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए एस.डी. पब्लिक स्कूल में पीठासीन/ प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी को दो पालियो में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में उपचुनाव प्रक्रिया से संबंधी सभी पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी को मास्टर ट्रेनर के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 कार्मिक अनुपस्थित रहे। उपरोक्त सभी के विरूद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी द्वारा अनुपस्थित पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी अधिकारियों के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मा0 प्रेक्षक राजकिशन प्रुर्थी एवं जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र भूषण सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया, कक्ष में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों को उन्होने कहा कि उपनिर्वाचन का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं लग्न से सम्पन्न कराये। निरीक्षण करते हुए सभी मतदान कार्मिकों को स्पष्ट करते हुए कहा कि मतदान को आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने में सभी पीठासीन अधिकारी/ प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के संबंध में गहन अध्ययन कर लें और मतदान के दौरान समस्त प्रक्रिया आयोग की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो सके। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला अर्थ संख्या अधिकारी, मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

## विद्यालयों का किया खंड शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण



**(मुजफ्फरनगर केसरी) मुजफ्फरनगर।** खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र द्वारा नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर के अंतर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालयों का मासिक निरीक्षण किया गया। श्री ज्योति प्रकाश तिवारी खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर द्वारा नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर के अंतर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालयों का मासिक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय ओमप्रकाश सोम लता, प्राथमिक विद्यालय गंगा रामपुरा कन्या, प्राथमिक विद्यालय जवाहर लद्धावाला, प्राथमिक विद्यालय ललिता कन्या समस्त विद्यालयों में निरीक्षण के समय कार्यरत अध्यापक/अध्यापिका एवं शिक्षामित्र या स्वीकृत अवकाश पर पाए गए। चारों विद्यालयों के निरीक्षण के समय उपस्थित विद्यालय स्टाफ को संदर्शिका के अनुसार अध्यापन कार्य कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए समस्त विद्यालयों में साफ–सफाई संतोषजनक पाई गई। प्राथमिक विद्यालय जवाहरलाल लद्दावाला में० रेमेडियल छात्र–छात्राओं की सूची नहीं पायी गयी जिसके पश्चात विद्यालय में कार्यरत अध्यापक व शिक्षामित्रों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए रेमेडियल छात्र–छात्राओं की सूची बनाने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार को फल वितरण होता पाया गया। प्राथमिक विद्यालय जवाहर लगावाला में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा चार के बच्चों से पहाड़े सुने गए।

## शाहपुर पुलिस ने शातिर दबोचा

शाहपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा चलाये जा रहे वाँछित/वारंटी/अवैध शराब/अवैध शस्त्र/के अभियान के दौरान एक



शातिर को गिरफ्तार किया। उ०नि० सत्यवीर सिंह थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त राजेंद्र उर्फ छोटा पुत्र करेसन निवासी पलड़ी थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर मय २४ अदद फ्रुटी देशी शराब नाजायज के साथ मेन रोड ग्राम निरमानी गेट के पास गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से कुल २४ अदद फ्रुटी देशी शराब बरामद की।

## डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**(मुजफ्फरनगर केसरी) मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह के द्वारा प्रातः अपने कार्यालय में आए हुए आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया जिसके पश्चात उनके द्वारा कार्यालय में शिकायत लेकर आए हुए फरियादियों को शिकायत के जल्द से जल्द निस्तारण हेतु आश्वस्त किया गया एवं संबंधित शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया कि कार्यालय से प्राप्त की जाने वाली शिकायतों को अधिक समय तक लंबित ने रखा जाए, शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा प्रत्येक दिन अपने कार्यालय में आकर सर्वप्रथम कार्यालय में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना जाता है जिन के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों पर विशेष निगरानी भी रखी जाती है। जनता दरबार में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का कार्य लगातार जारी है वहीं जिलाधिकारी द्वारा शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु अधीनस्थों को निर्देशित भी किया जा रहा है।



### समाजसेवी के निधन से शोक

मुजफ्फरनगर। गमगीन माहौल के बीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा के छोटे भाई प्रमोद शर्मा का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कई गणमान्य लोगों सहित विभिन्न रानीतिज्ञ भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि नगर के मौहल्ला साकेत कालोनी निवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा के छोटे भाई प्रमोद शर्मा का बीमारी के चलते बीती रात निधन हो गया था। प्रमोद शर्मा के निधन से शहर मे शोक छा गया। विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओ से जुडे पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिजनो से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। आज भोपा रोड स्थित शमशान घाट पर स्व.प्रमोद शर्मा का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान कांग्रेस, रालोद, भाजपा एवं सपा आदि विभिन्न राजनैतिक दलों से जुडे राजनीतिज्ञ एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पैदल गश्त की

सहारनपुर। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले के कप्तान डश्व विपिन ताडा द्वारा समस्त थानों को निर्देशित किया जा रहा है। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक के कुशल मार्गदर्शन में आज शाम को महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान ने पुलिस बल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। पैदल गश्त करते हुए बाजारों में खरीददारी करने आई महिलाओं से बात करते हुए हेल्पलाइन नंद्द के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी प्रकार की विषम परिस्थितियों में फोन करने पर तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध होगी।

## गीता प्रेस की धार्मिक पुस्तके कैदियों के ज्ञान वर्धन हेतु सौपी

**(मुजफ्फरनगर केसरी) मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब विशाल की ओर से आज जिला कारागार में गीता प्रेस की ६ धार्मिक पुस्तके कैदियों के ज्ञान वर्धन हेतु पढ़ने के लिए सौंपी गई।




आज गीता प्रेस की धार्मिक पुस्तके क्लब अध्यक्ष रो० पवन कुमार गोयल व क्लब सचिव रो० मनोज गर्ग और बोर्ड सदस्य रो० योगेंद्र नारंग ने जिला कारागार जाकर जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा को लगभग २५० विभिन्न विषय पर आधारित ६ धार्मिक पुस्तके सौंपी गई और उनसे रिक्वेस्ट की गई कि आप इन पुस्तको को कैदियों को पढ़ने के लिए दिलवाए और जब कैदी की रिहाई हो तो उसको पढ़ने और पढ़वाने के लिए भी दे। सीताराम शर्मा ने क्लब सदस्यो का इस पुण्य कार्य के लिए साधुवाद दिया और पुस्तके पढ़वाने के सहर्ष स्वीकृति दी । क्लब अध्यक्ष पवन कुमार गोयल ने बताया की गीता प्रेस की पुस्तके शीघ्र ही स्कूल व मंदिर में भी रखवाने की योजना बनाई जा रही हे और इसी कड़ी में भगवती कन्या स्कूल नई मंडी में भी ६ दिसंबर में रखवाई जा रही हे

## एड्स से बचाव को जन जागरुकता बेहद जरुरी: सीएमओ

**(मुजफ्फरनगर केसरी) मुजफ्फरनगर।** ह्युमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) एक लेंटिवायरस है, जो अक्वायर्ड इम्युनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) का कारण बनता है। जीवन–साथी के अलावा किसी अन्य से यौन संबंध नही रखे। यौन सम्पर्क के समय निरोध(कण्डोम) का प्रयोग करें। मादक औषधियों के आदी व्यक्ति के द्वारा उपयोग में ली गई सिरिंज व सूई का प्रयोग न करें। एड्स पीडित महिलाएं गर्भधारण न करें, क्योंकि उनसे पैदा होने वालेद्द शिशु को यह रोग लग सकता है। रक्त की आवश्यकता होने पर अनजान व्यक्ति का रक्त न लें, और सुरक्षित रक्त के लिए एच.आई.वी. जांच किया रक्त ही ग्रहण करें। डिस्पोजेबल सिरिन्ज एवं सूई तथा अन्य चिकित्सीय उपकरणों का २० मिनट पानी में उबालकर जीवाणुरहित करके ही उपयोग में लेवें, तथा दूसरे व्यक्ति का प्रयोग में लिया हुआ ब्लेड/पत्ती काम में ना लेंवें। एड्स–लाइलाज है– बचाव ही उपचार है। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार का। आज एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पेंटिग व स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडी कॉलेज के डायरेक्टर प्रोफेसर इशान ने की। इस दौरान छात्रों ने पेंटिग के माध्यम से एड्स के बारे में जागरुक किया और अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद पंवार, डब्ल्यू कंसलटेंट डॉ. उमर, डीपीसी सहबान उल हक, डीपीपीएमसी प्रवीन कुमार,डीपीटीसी विप्रा, डीईओ संजीव, टीबीएचवी हेमंत एंड अभिषेक आदि लोग उपस्थि रहे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चंद गुप्ता ने बताया कि आज एड्स दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एड्स के प्रति जागरुक किया गया। उन्होंने कहा कि एड्स के बारे में लोगों को जानकारी होना अति महत्वपूर्ण है। वैसे तो संक्रमण फैलने के कई माध्यम हो सकते हैं लेकिन गर्भवती महिला से उसके बच्चे को यह संक्रमण होने की आशंका सबसे अधिक होती है। दरअसल गर्भ में पल रहा शिशु अपने पोषण के लिए मां पर ही निर्भर रहता है। उन्होंने कहा अच्छी बात यह है कि अब उपचार से ऐसे बच्चों को एचआईवी संक्रमण से बचाया जा सकता है जिनकी मां एचआईवी पॉजिटिव हैं। एचआईवी पॉजिटिव महिला को गर्भधारण के तीसरे महीने से ही एआरटी (एंटी रेट्रो वायरल) की दवा देना शुरू कर दिया जाता है। सेफ डिलीवरी किट के माध्यम से संस्थागत प्रसव कराया जाता है। प्रसव के आधा घंटे के भीतर नवजात को चिकित्सक की मौजूदगी में एक दवा दी जाती है। अधिकतम पांच दिन के भीतर यह डोज देनी होती है। इसके ठीक ४५ दिन बाद सीपीटी की दवा दी जाती है। फिर बच्चे की एचआईवी जांच करायी जाती है। ऐसे मामलों में १८ महीने तक दवा चलती है। वहीं इन बच्चों के माता–पिता का उम्रभर उपचार चलता है।





हड्डी, मांसपेशियों व दर्द रोग विशेषज्ञ
अब आपके सदर बाजार, मुजफ्फरनगर में



ACTIVE PHYSIOTHERAPY & REHAB CENTRE
Dr. Vijit Kumar Garg
BPT, MPT (Ortho. & Sports)
Ex. Physio :
• Indian Wrestling Team
• UP Cricket Team
• Punjab Tennis Team

• गर्दन का दर्द
• कमर का दर्द
• कंधा जाम होना
• टेनिस एल्बो
• नसों का दर्द
• माँसपेशियों का दर्द
• साइटिका का दर्द
• घुटनों का दर्द
• डिस्क खिसकना
• गठिया बाय
• लकवा/फॉलिस
• सर्जरी के बाद थेरेपी
• लिगामेंट इंजरी
• स्पोर्ट्स इंजरी

आधुनिक मशीनों एवं मेनुअल थैरेपी द्वारा इलाज किया जाता है।
हिन्द सुपर स्पेशलिटी मेडिकेयर सैंटर
एक्टीव फिजियोथेरेपी एण्ड रिहैब सैंटर
मेन रोड, लाईन नं0 1, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)
मो.: 7409287875
OPD Timing : 9 Am to 7 PM Lunch Time : 1:30 to 2:30

# सम्पादकीय

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार, 02 दिसम्बर 2022

## चेहरे का सौंदर्य और कील



अमन कुमार

चेहरे पर कील शब्द जुबान पर आते ही दिल में एक कुरूप और भद्दे चेहरे की तस्वीर सामने आ जाती है जो सदियों से नौजवान वर्ग के लिये एक गम्भीर समस्या बनी हुई है। आज भी करोड़ों युवक युवतियां, इस गम्भीर समस्या से ग्रस्त हैं। वे सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक निराशा और उदासी जैसे रोगों में जकड़े हुए हैं। जब हम १२–१३ साल की आयु से किशोर अवस्था की तरफ बढ़ते हैं तो हमारे शरीर के अन्दर मौजूद हारमोन्स व ग्रंथियां उत्तेजित होने लगती हैं और लड़के या लड़कियों में अलग–अलग तरह के रस जिन्हें हारमोन्स कहते हैं, निकलते हैं जिनमें मुख्य हैं एस्ट्रोजन, प्रोजेस्ट्रोन, टेस्टोस्टेरोन आदि और जब लड़कियों में हार्मोन्स बदलते हैं तो छाती का विकास, आवाज में पतलापन आना, शरीर के कई भागों में चर्बी का बढना, माहवारी का आना शुरू होना त्वचा का नर्म होना आदि विकास में सहायक होते हैं।यही समय होता है जब शरीर में विकास की प्रक्रि या बहुत तेजी से होती है। त्वचा के अंदर पसीना और तेल की ग्रंथियां (जो त्वचा को कोमल बनाती हैं) कभी–कभी अधिक मात्र में तेल निकालती हैं जिसके कारण वातावरण में मौजूद जीवाणु को बढने के लिए एक माध्यम मिलता है और जीवाणु–ग्रंथियों में शामिल हो कर इन्फेक्शन फैलाती है जिसके फलस्वरूप सूजन लाली, खुजली और आखिर में मुंहासे या पस की शक्ल में सामने आते हैं। अब यह त्वचा की किस्म पर निर्भर करता है कि मुंहासों का निदान क्या है। वैसे तो यह आम त्वचा वाले व्यक्ति में तो ३–४ दिन में सूख कर ठीक हो जाते हैं परन्तु चिकनी और तेल वाली त्वचा के व्यक्ति पर बुरा असर करती है। जैसे एक के बाद दूसरे मुंहासे (कील) निकलने लगते हैं। यह सिलसिला लम्बे समय तक चलता है। कहां जाता है कि इलाज से ज्यादा परहेज जरूरी है। इलाज से बचाव बेहतर है। इन कीलों से बचा जा सकता है परन्तु शर्त है कि निम्नलिखित बातों का ध्यान शुरू से रखा जाए जैसेरू– – पानी अधिक मात्र में पिया जाए, मौसमी फल और सब्जियां ज्यादा से ज्यादा खाई जाएं। – सही आयु (१२–१४ साल) में ही त्वचा की देखभाल शुरू कर दी जाए। – तली हुई और डिब्बाबंद चीजें खटाई, अचार, मुरब्बा, जैम, आइसक्रीम कम मात्र में खाई जाएं। – कब्ज न होने दी जाए और पेट साफ रखा जाए। हरा सलाद खाया जाए। – दिमाग में फालतू की चिंता न लाई जाए क्योंकि यह सिद्ध हो गया है कि चिंता करने वाले व्यक्ति को त्वचा के रोग अधिक होते हैं। – चिकनी ओर मोटी त्वचा वाले व्यक्ति को क्रीम, लोशन इस्तेमाल नहीं करने चाहिए। बाजार में मिलने वाले साधनों की तरफ अधिक ध्यान न देकर घरेलू नुस्खे जैसे नींबू के पानी से चेहरा साफ करना चाहिए। – सर्दियों में रात को सोते समय गर्म पानी में तौलिया भिगो कर चेहरे पर रखना चाहिए जिससे त्वचा के रोम खुल जाते हैं और त्वचा के अंदर के कीटाणु साफ हो जाते हैं। अगर इन सुझावों का ध्यान रखा जाये तो कीलों से कुछ हद तक छुटकारा पाया जा सकता है।

# गमगीन माहौल में हुआ मिल श्रमिक का अंतिम संस्कार

## मिल प्रबंधन ने परिजनों को सौंपा 8 लाख का चेक, एक लाख की नकद राशि दी







शामली। अपर दोआब शुगर की टरबाइन ज्वाइंट में हुए विस्फोट की चपेट में आकर मारे गए श्रमिक का गुरुवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान परिजनों में चीख पुकार मची रही। मौके पर किसी तरह का कोई हंगामा न हो, इसके लिए आदर्श मंडी भी तैनात रही। मिल अधिकारियों ने मृतक श्रमिक के घर पहुंचकर परिजनों को आठ लाख रुपये का चेक सहित एक लाख रुपये नकद प्रदान किए तथा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार शहर के अपर दोआब शुगर मिल में दो दिन पूर्व टरबाइन के ज्वाइंट में अचानक विस्फोट होने से निकट ही काम कर कस्बा बनत निवासी श्रमिक कुबाडी गंभीर रूप से झुलस गया था। झुलसे कर्मचारी को तत्काल सीएची ले जाया गया जहां से उसे रैफर कर दिया। मिल प्रबंधन ने घायल को उचित उपचार के लिए करनाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान कुबाडी ने बुधवार को दम तोड दिया था जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुबाडी की मौत से परिजनों में भी कोहराम मच गया था। गुरुवार की दोपहर कुबाडी का शव पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही बनत स्थित आवास पर पहुंचा, परिजनों में चीख पुकार मच गयी। परिवार की महिलाओं का रो–रोकर बुरा हाल हो गया जिन्हें अन्य महिलाओं ने किसी तरह संभाला। मृतक के आवास पर भी भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए। वहीं मौके पर किसी भी तरह का कोई हंगामा न हो, इसके लिए आदर्श मंडी पुलिस को भी तैनात किया गया था, हालांकि कोई हंगामा नहीं हुआ। वहीं मिल अधिकारियों ने भी मृतक के आवास पर पहुंचकर परिजनों को आठ लाख रुपये का चेक तथा एक लाख रुपये की नकद धनराशि प्रदान की। मिल अधिकारियों ने कहा कि मिल प्रबंधन कुबाडी के परिजनों के साथ खडा है, उन्हें किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी तथा हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बाद में गमगीन माहौल के बीच मृत श्रमिक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# खतौली उपचुनावः पुलिस बल के साथ किया फ्लैगमार्च

मुजफ्फरनगर। आगामी विधानसभा उप–चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में थानाक्षेत्र सिखेड़ा के संवेदनशील क्षेत्रों में थाना सिखेड़ा पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च करते हुए आम जन–मानस को सुरक्षा का अहसास कराया गया। आगामी विधानसभा उप–चुनाव के दृष्टिगत थानाक्षेत्र सिखेड़ा में थाना सिखेडा पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा किया फ्लैग मार्च कर आम जन–मानस को सुरक्षा का अहसास कराया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से निडर होकर शांतिपूर्ण मतदान करने, आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की गयी साथ ही अराजकता/माहौल खराब करने वालों





के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दी गयी। सिखेडा पुलिस द्वारा लोगों से कानून–व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने और आमजन को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील के साथ–साथ लोगों से बढ चढकर मतदान करने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस दौरान थाना सिखेडा पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 4 दिसम्बर को होगी मुक्केबाजी टीम के चयन को प्रतियोगिता

शामली। उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए शामली जिले की टीम के चयन के लिए ४ दिसम्बर को शहीद उधमसिंह स्टेडियम में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शामली डिस्ट्रिक एमच्योर बाक्सिंग एसोसियेष्यान के सचिव सुशील कौशिक ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जन शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी १७ से २० दिसम्बर तक लखनऊ में प्रदेश स्तरीय पुरुष वर्ग मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए शामली जिले की सीनियर पुरुष बाक्सिंग टीम के चयन के लिए ४ दिसम्बर को उधमसिंह स्टेडियम में चयन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उन्होंने इच्छुक खिलाडियों को सुबह आठ बजे अपने प्रमाण पत्रों के साथ स्टेडियम पहुंचने का आहवान किया है। दूसरी ओर एथलेटिक्स एसोसियेशन सचिव जबरसिंह खैवाल ने बताया कि १४ व १५ दिसम्बर को शहीद उधमसिंह स्टेडियम में अंडर–१४ व अंडर–१६ ग्रुप के बालक–बालिकाओं के लिए १८वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक्स मीट चौम्पियनशिप २०२३ का ट्रायल होगा। ट्रायल में चयनित खिलाडी नेशनल के लिए पटना (बिहार) में १२ से १४ जनवरी २०२३ में होने वाली नेशनल चौम्पियन शिप में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि अंडर–१४ के लिए ६०, ६०० मीटर रेस, हाई जम्प, लांग जम्प, शॉटपुट, जैवलिन थ्रो आदि प्रतियोगिताएं होंगी जबकि अंडर–१६ के लिए ८०, ६००, १६०० मीटर रेस, ८० मीटर हर्डल, हाई जम्प, लांग जम्प, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो आदि प्रतियोगिताएं होंगी।

# खाना खाने, साथ घूमने फिरने से नहीं फैलता एड्सः चिकित्सा प्रभारी



थानाभवन। विश्व एड्स दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी ने एड्स से पीड़ित लोगों के साथ भेदभाव ना करने की लोगों से अपील की। जानकारी के अनुसार कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में थानाभवन के चिकित्सा प्रभारी नवजीत सिंह बेदी ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि जो लोग एड्स जैसी बीमारी का शिकार हो जाते हैं वह भी सामान्य लोगों की तरह ही अपना जीवन बिता सकते हैं, साथ घूमने–फिरने या साथ खाना खाने जैसे व्यवहार से एड्स एक दूसरे में नहीं फैलता। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि एक दूसरे के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने, संक्रमित व्यक्ति का रक्त दूसरे व्यक्ति में चढाने से ही यह बीमारी एक दूसरे में फैलती है इसलिए एड्स जैसी बीमारी से पीड़ित लोगों के साथ भी अन्य दूसरे व्यक्तियों की तरह ही समान व्यवहार करें। उन्होंने लोगों को एड्स की बीमारी के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एड्स जैसी बीमारी से बचने के लिए हम अगर एहतियात बरतेंगे तो निश्चित रूप से लोग इस बीमारी से ग्रसित नहीं होंगे। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने विश्व एड्स दिवस पर संकल्प लिया कि हम जीवन पर्यंत लोगों को इस गंभीर बीमारी के बारे में जागरूक करते रहेंगे।

## 16 ट्रेनें तीन माह के लिए बंद की

सहारनपुर। रेलवे विभाग ने सहारनपुर से होकर गुजरने वाली १६ ट्रेनों के संचालन को एक दिसंबर से लेकर २८ फरवरी २०२३ तक बंद करने की घोषणा की है। रेलवे के अधिकारियों की ओर से आज बताया गया कि यह फैसला कोहरे की आशंका के चलते लिया गया है। जिससे दूसरी ट्रेनों का संचालन प्रभावित ना हो। करीब पांच हजार रेल यात्रियों को इस वजह से अपने आरक्षण रद्द कराने को मजबूर होना पड़ा है। रेल अधिकारियों के मुताबिक पूर्व में आरक्षित इन टिकटों में ८० फीसद आन लाइन और २० फीसद आरक्षण काउंटर से हुए हैं। जिन ट्रेनों के संचालन को स्थगिता किया गया है उनमें मुख्य रूप से बनमनखी–अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस अपध्डाउन, बरौनी–अंबाला कैंट एक्सप्रेस अपध्डाउन, अमृतसर–जयनगर शहीद एक्सप्रेस अपध्डाउन, डिब्रूगढ़–चंडीगढ़ एक्सप्रेस अप/डाउन, टाटा नगर अमृतसर–जलियावाला बाग एक्सप्रेस अपध्डाउन, हरिद्वार–मुंबई लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस अप/डाउन, कोलकात्ता–अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस अपध्डाउन और कोलकात्ता–अमृतसर दुर्गयाना एक्सप्रेस अपध्डाउन एक दिसंबर से २८ फरवरी तक रद्द रहेंगी।

# 450 रुपये कुंतल गन्ना मूल्य करने की मांग को सौंपा ज्ञापन



शामली। किसान यूनियन ने गन्ना मूल्य ४५० रुपये कुतल करने सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से समस्याओं के समाधान की मांग की है। इस अवसर पर एसडीएम ऊन को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान न हुआ तो किसान यूनियन मुख्यमंत्री के आवास पर प्रदर्शन और घेराव को मजबूर होगी। जानकारी के अनुसार गुरुवार को किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष लबनान चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ऊन तहसील पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसान इस समय भारी परेशानियों से जूझ रहा है। चीनी मिले किसानों के बकाया का भुगतान नहीं कर रही है, ऊपर से बिजली विभाग भी किसानों की ट्यूबवैलों पर मीटर लगाकर उनका उत्पीडन कर रहा है। पिछले कई सालों से गन्ना मूल्य भी नहीं बढाया गया, लगातार बढती महंगाई से भी किसान बुरी तरह परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने २०१७ में जारी घोषणा पत्र में वादा किया था कि सरकार गन्ना मूल्य ४५० कुंतल करेगी लेकिन आज तक इस पर कार्रवाई नहीं गयी, उन्होंने जल्द से जल्द गन्ना मूल्य ४५० रुपये कुंतल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसानों की ट्यूबवैलों पर अनावश्यक रूप से विद्युत विभाग द्वारा मीटर लगाने की कार्रवाई ने पूरें प्रदेश में एक तनावपूर्ण और तानाशाही रवैये का माहौल पैदा कर दिया है। सरकार तो किसानों को खेत खलिहान के लिए निशुल्क बिजली, पानी की योजना को अमलीजामा पहनाने की तैयारी कर रही है, लेकिन यह दोहरा मापदंड समझ से परे है। उन्होंने कहा कि किसानों की रबी फसल की बुआई का सीजन चल रहा है लेकिन किसान डीएपी उर्वरक की कालाबाजारी का शिकार हो रहा है, ब्लैक में खाद खरीदने को मजबूर होना पड रहा है। फसलों की बुआई के बाद बेसहारा पशुओं द्वारा खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की सभी सडकों की भी हालत बेहद खस्ताहाल है जिस कारण दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से किसानों की सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी न हुई तो किसान यूनियन मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन एवं घेराव० करने से पीछे नहीं हटेगी। इस अवसर पर रण कुमार, इरफान अली, ऋषिपाल, जयपाल सिंह, भजनसिंह, भूषण सिंह, गफ्फार, अहसान, हारून, वासत, अमित निर्वाल आदि भी मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया एंटी करप्शन सर्विस ट्रस्ट का बढ़ा कुनबा

मुजफ्फरनगर केसरी

मुजफ्फरनगर। ऑल इंडिया एंटी करप्शन सर्विस ट्रस्ट की एक अहम बैठक में समाजसेवी एवं कार्यशील देवेंद्र चौहान जी को एंटी करप्शन के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया । इस बैठक की अध्यक्षता सहारनपुर मंडल अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल कश्यप एवं मुजफ्फरनगर जिला अध्यक्ष विक्की चावला जी एवं संचालन वरिष्ठ समाजसेवी हरीश ठकराल एवम विशाल गोयल जी द्वारा किया गया । संगठन के जिला महामंत्री नदीम जी, नगर अध्यक्ष संजय मदान, गौरव सिंघल, शुभम गुप्ता, राघव मित्तल और श्रेय मित्तल आदि लोगों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत किया । नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौहान ने कहा कि जैसे हम पिछले काफी समय से समाज में होने वाले अपराधा और भ्रष्टाचार का विरोध करते आए है ठीक उसी प्रकार भविष्य में भी विरोधा करते रहेंगे । प्रदेश अध्यक्ष के साथ मिलकर संगठन के गणमान्य लोग सन्नी अहलूवालिया, हितेश गर्ग, राजू बहोत्रा,सुरेंद्र कुमार जी, बिजेंद्र सिंह जी, विनीत पाल , मोहित सिंह आदि सभी लोगों ने समाज में हो रहे अन्याय, अपराध और भ्रष्टाचार को रोकने की शपथ ग्रहण की । बैठक में उपस्थित डॉक्टर गोपाल कश्यप एवं विक्की चावला जी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत करते हुए बताया गया कि एंटी करप्शन की टीम काफी समय से समाज में हो रहे भ्रष्टाचार और अपराध को रोकने का कार्य कर रही है और अब अपने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौहान जी के निर्देशों पर कार्य करेगी । इस अवसर पर नमन गर्ग , वीरेंद्र कुमार जी, भूपेंद्र सैनी जी, मनोज शर्मा जी, शिवम जी, मोहित सिंह जी, मनप्रीत जी, सचिन जी आदि लोग उपस्थित रहे



# विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन...

मुजफ्फरनगर। विधि विभाग डीएवी कॉलेज मुजफ्फरनगर द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में अतिथि के रूप में डॉ एन एस कांबोज, प्रो.आर के एरोन, डॉ राजेश गर्ग पूर्व डीन विधि संकाय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, डॉ मणि माला रावत संयुक्त रूप से रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर संजीव कुमार मित्तल के द्वारा की की गई ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन अतिथियों एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजीव मित्तल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इसके उपरांत सभी विद्वानों द्वारा भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया ।कार्यक्रम में डॉ कुलदीप सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर विधि विभाग द्वारा सभी छात्र छात्राओं एवं अतिथियों को संविधान की प्रस्तावना का उच्चारण कराया गया वह संविधान के मूल्यों के अनुसार आचरण करने की शपथ दिलवाई गई। वक्ताओं द्वारा छात्रों को संविधान के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर एन एस कांबोज द्वारा विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्य एवं मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्य के विषय में व्याख्यान दिया गया एवं प्रोफेसर आर के एरोन द्वारा जजों की नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया एवं उसमें पारदर्शिता के विषय में जानकारी प्रदान की गई। विधि संकाय के पूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार गर्ग द्वारा छात्र छात्राओं को संवैधानिक मूल्यों के अनुसार आचरण करने एवं संवैधानिक मूल्यों का प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया गया व छात्रों को विधि के गहन अध्ययन करने हेतु बधाई दी गई, डॉ मणि माला रावत द्वारा संविधान के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। प्रो ओमदत्त द्वारा सभी छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि वह संविधान में लिखित मूल्यों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करे तभी संविधान दिवस की सार्थकता होगी। एलएलशएमश विभाग के प्रोफेसर हरितोष मोहन द्वारा छात्रों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं छात्रों को संविधान के अध्ययन को वर्तमान परिदृश्य में समझने व संवैधानिक मूल्यों को जन जन तक पहुंचाने की बात की गई व व्हाट्सएप पर आए हुए झूठे तथ्यों से दूर रहने का आग्रह किया गया।एलएलशएमश प्रवक्ता सार्थक चौहान द्वारा छात्रों को संवैधानिक मूल्य एवं अध्ययन के विषय में जानकारी दी गई कार्यक्रम में एल एल बी एल एल एम के विद्यार्थियों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष डॉ शैलेंद्र शर्मा द्वारा सभी अतिथि एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ कुलदीप सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर विधि विभाग डीएवी कॉलेज द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर प्रोफेसर श्रीमती हिमांशी बत्रा असिस्टेंट प्रोफेसर श्री सचिन कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर एलएलशएमश विद्यार्थी यूसरा फातिमा, अमिता त्यागी, गजेंद्र कुमार, विपिन कुमार एलएलशबीश विद्यार्थी अमन जैन,महेनूर, शारूख, सुहेल, हर्षित, सचिन कुमार आदि विद्यार्थियों का योगदान रहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **पूनम** ने हिन्दी दैनिक **'मुजफ्फरनगर केसरी'** समाचार पत्र को अ0के0 प्रिंटर्स, मुकेश हलवाई के पास, रहमानिया कालोनी मुजफ्फरनगर (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय 257 पटेलनगर, नईमंडी मुजफ्फरनगर 251001, (उ.प्र.) से किया है।

**सम्पादक – अमन कुमार**

शीर्षक आंवटन संख्या UPHIN/2010-37673

मो.-7906974580, 9758856765

Email:-muzaffarnagarkesari@gmail.com

**सम्पादक का समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों, लेखन एवं रचानाओं व लेखों से सहमत होना आवश्यक नहीं है। संपादन, लेखन एवं समाचार पत्र में कार्यरत सभी व्यक्ति पूर्णतयः अवैतनिक है। किसी भी वाद-विवाद का न्यायिक क्षेत्र मुजफ्फरनगर उ.प्र. ही मान्य होगा।**

कानूनी सलाहकार-श्यामा चरण पंवार एडवोकेट मो:-9258708671

# मदनी इंटरनेशनल स्कूल में स्काउट गाइड शिविर का समापन



**मुजफ्फरनगर केसरी**
**मुजफ्फरनगर।** मदनी इंटरनेशनल स्कूल बागोवाली में चल रहे स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन हुआ। जिसमें भारत भूषण अरोरा जिला सं. समि. उपस्थित रहे। छात्र छात्राओं ने शिविर में तम्बू लगाना सीखा और कई अन्य गतिविधियां सीखी। वहीं बाहर से आये हुए कुछ विशेष अतिथिगण ने बच्चों को राष्ट्रप्रेम की भावना उत्पन्न हो इस विषय पर छात्र छात्राओं को विस्तारपूर्वक बताया। प्रशिक्षक ने बालिकाओं के जीवन व सामान्य दैनिक क्रियाओं संबंधित ज्ञान प्रदान करते हुए स्काउट एंड गाइड नियमों की आवश्यकता आदि के विषय में बताया। प्राथमिक चिकित्सा, तंबू लगाना, गांठे आदि लगाना सिखाए गए। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड का उद्देश्य नवयुवकों की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना होता है। स्काउट एवं गाइड का उद्देश्य नवयुवकों की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना होता है। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड अनुशासित रहकर किसी भी परिस्थिति में दूसरों की सहायता करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। वे मन, वचन और कर्म से शुद्ध रहकर सच्ची निष्ठा से कर्तव्य पूरा करता है। वहीं विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, मुमताज मैडम, सना मैडम, इरफान अध्यापक ने इस कार्यक्रम में अपना सम्पूर्ण योगदान दिया।

## उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक स्कूल्स विकास मंच के तत्वाधान में हुआ सम्मान समारोह

**(मुजफ्फरनगर केसरी) मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक स्कूल्स विकास मंच के तत्वाधान में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मौ०शाहबाज ने की एवं मुख्य अतिथि संगठन के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष जनाब खुर्शीद अहमद खां रहे। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी को शपथग्रहण और सदस्यता प्रमाण पत्र दिये गये। इसके अलावा ७० से अधिक स्कूलों के संचालको को भी मेम्बरशिप प्रमाण पत्र दिये गये। प्रोग्राम का संचालन जहांगीर आलम प्रबन्धक मदनी इण्टर नेशनल स्कूल ने किया। खुर्शीद अहमद अध्यक्ष, मौ० शाहबाज अहमद जिला अध्यक्ष, मरगूब इलाही नगर अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सरवर, उपाध्यक्ष साजिद त्यागी, उपसचिव अरशद जलाल, मीडिया प्रभारी शाहिद हसन सैफी व मोहम्मद रिजवान उपस्थित रहे। इसके अलावा कोऑर्डिनेटर और तमाम सदस्यों की उपस्थिति में श्री खुर्शीद अहमद प्रदेश अध्यक्ष ने सभी को मंच से संगठित करने और अपने अपने स्कूलों के द्वारा क्षेत्र और राष्ट्र में शिक्षा का प्रचार प्रसार पर जोर दिया। वहीं बाहर से आये हुये सम्मानित महमानों ने भी अपने अपने विचार रखे। प्रोग्राम के अन्त में मरगूब इलाही प्रबन्धक शमा मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल (खालापार) ने सभी का शुक्रिया अदा किया।



## श्रीराम कालेज में कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग कार्यशाला का शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर केसरी**
**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के कम्प्यूटर संकाय मे 14 दिवसीय कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 अषोक कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। बी.सी.ए. के विद्यार्थियो का मार्गदर्शन करते हुये उन्होने कहा कि हमारे छात्र सोफ्टवेयर में प्रवीणता हासिल किये हुये है। विश्वविद्यालय पाठयक्रम में हार्डवेयर शिक्षा का प्रावधान न होने के बावजूद छात्रो को इस क्षेत्र में शिक्षित करने के लिये कम्प्यूटर संकाय ने जो पहल की है उसके लिये श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 अषोक कुमार ने कम्प्यूटर संकाय को बधाई दी, उन्होने कहा कि जैसे शरीर को क्रियाशील बनाये रखने के लिये शरीर के विभिन्न अंगो की देखभाल जरूरी है, वैसे ही कम्प्यूटर के सही संचालन के लिये हार्डवेयर को दुरूस्त रखना पड़ता है। हार्डवेयर के ज्ञान से कोई भी व्यक्ति अपने कम्प्यूटर को सही देखरेख कर सकता है। इस अवसर पर कम्प्यूटर संकाय के विभागाध्यक्ष निशांत राठी ने छात्रो को संबोधित करते हुये कहा कि कम्प्यूटर संकाय ने हार्डवेयर शिक्षा की पहल कर विद्यार्थियो को पाठ्यक्रम से अतिरिक्त ज्ञान प्रदान करने का अनूठा प्रयोग किया है, इससे विद्यार्थियो को अपने कम्प्यूटर की संरचना को जानने मे सहायता मिलेगी। कम्प्यूटर में कोई खराबी आने पर विद्यार्थी स्वयं ही समस्या का समाधान कर सकते है। हार्डवेयर इन्जीनिरिंग के क्षेत्र में भी असीम सम्भावनायें है। रोजगार के अवसर कॉर्पोरेट जगत एवं स्वयं रोजगार के रूप में उपलब्ध है। इस कार्यशाला को मौखिक एवं प्रयोगात्मक भागो में विभाजित किया गया। व्याख्यान का संचालन करते हुये हंस कुमार ने कम्प्यूटर हार्डवेयर का परिचय कराया। प्रयोगात्मक का संचालन मनोज पुण्डीर व दिनेष यादव ने किया। विषय विशेषज्ञ हंस कुमार ने आन्तरिक पार्टस के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सभी पार्टस की कार्यप्रणाली को समझाते हुये एक सम्पूर्ण कम्प्यूटर सिस्टम बनाना सिखाया उन्होने जोर देकर कहा कि सिर्फ नवीनतम तकनीक के उपकरण लगवाने मात्र से ही एक प्रभावी कम्प्यूटर नही बनता है, बल्कि सभी पार्टस का समरूप होना अत्यावश्यक है। एक सेलरॉन सिस्टम भी डयूएल–कोर अथवा कोर–टू–डूओ से बेहतर गति से कार्य कर सकता, अगर उसके सभी उपकरणों मे समरूपता हो। कार्यशाला में विद्यार्थियो ने बढचढ कर भाग लिया और अपनी सभी संकाओ के निवारण कराया। सभी विद्यार्थियो ने वर्कशॉप को सराहाते हुये भविष्य में भी इसी तरह की वर्कशॉप एवं सेमिनार करने की प्रार्थना की। विभागाध्यक्ष श्री निशांत राठी ने सुझाव को सहर्ष स्वीकार किया। कार्यशाला में नीतू सिंह, रिषु जैन, श्रीला पारिक, प्रवीण कुमार, अमित त्यागी, प्रमोद कुमार, संजय कान्त त्यागी, नीतिन त्यागी, गुरमीत सैनी, अंकुर रोहेला, राहुल गौतम, नवनीत चौहान, अनुपमा मिश्रा, षिखा, मनोज पुंडीर, दिनेष यादव ने उपस्थित रहकर प्रतिभागिता जताई।



## एमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मशीनी तकनीक को समझने के उद्देश्य से किया एजुकेशनल टूर

**(मुजफ्फरनगर केसरी) मुजफ्फरनगर।** एमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्र में मशीनी तकनीक और उनकी उन्नति के संबंध में ज्ञान वर्धन कराने तथा प्रयोगात्मक रूप से मशीनी तकनीक को समझाने के उद्देश्य से एजुकेशनल इंडस्ट्री टूर कराया गया। स्कूल के विद्यार्थी इस आयोजन के दौरान मशीनी तकनीक को समझने के लिए उत्साहित नजर आए।

एमजी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय में कक्षा १२ में अध्ययनरत इंजीनियरिंग ग्राफिक्स के छात्र–छात्राओं को मशीनी तकनीक, उनके आविष्कार और समय–समय पर हुई मशीनी उन्नति के संबंध में ज्ञान अर्जित कराने के लिए विद्यालय द्वारा एजुकेशनल इंडस्ट्री टूर कराया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्कूल के द्वारा ग्राफिक्स टीचर श्री आरसी पटेल के मार्ग निर्देशन में आज टिहरी आयरन एंड स्टील कास्टिंग लिमिटेड, मुजफ्फरनगर के औद्योगिक दौरे पर ले जाया गया। इन विद्यार्थियों ने अपने शिक्षक के साथ फैक्ट्री का दौरा किया वहां पर मशीनों के जरिए बनाए जा रहे धातु के उत्पादों की निर्माण व्यवस्था का प्रयोगात्मक अनुभव करते हुए मशीन तकनीक और मशीनी युग की उन्नति के बारे में भी व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती मोनिका गर्ग ने बताया कि ज्ञान का प्रमुख माध्यम अनुभव ही होता है। इसी उद्देश्य के चलते विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से आयोजित इस एजुकेशनल इंडस्ट्री टूर का हिस्सा बनाया गया ताकि उनको फील्ड में ले जाकर कार्य अनुभव कराया जा सके। इस टूर के माध्यम से विद्यार्थियों ने बेहतर उत्पाद निर्माण की व्यवस्था, डिजाइनिंग कौशल की कार्यकुशलता एवं भारतीय मानक व्यवस्था के अनुसार कारखानों में उत्पादों का निर्माण करने की परिस्थितियों की भी जानकारी हासिल की। उन्होंने बताया कि अपने शिक्षक के साथ इस एजुकेशनल इंडस्ट्री टूर का विद्यार्थियों ने भरपूर सदुपयोग करते हुए अपना ज्ञान वर्धन किया इसके साथ ही इस अवसर का आनंद भी उठाया।



## श्रीमद भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

### ग्रामीणों ने जगह–जगह किया पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

मोरना – तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित श्री शुकदेव पीठ पर श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का गुरुवार को धूमधाम से नगरी में बैंड बाजों के बीच कलश यात्रा निकालकर किया गया। यात्रा में महिलाओं ने अनेक भजनों पर नृत्य भी किया। ग्रामीणों ने जगह जगह यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। राजस्थान बीकानेर से आए कथाव्यास संत सुखेदव महाराज ने कहा कि मानव को हर शब्द रूप में भगवान का दर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधर्म भगवान की पीठ से और धर्म भगवान के हृदय से उत्पन्न होता है। अधर्म की पत्नी झूठ और दंभ पुत्र तथा माया पुत्री का नाम है। यह तीनों तत्व मानव में न हों तभी वहां भगवान वास करते हैं। वर्तमान में व्यस्तता बढ़ रही है, आस्था नहीं। इसलिए हमें अपनी आस्था को बढ़ाना है। मनुष्य को भगवान के भजनों का गुणगान करना चाहिए। जीव का स्वभाव गलती करना और भगवान क्षमाशील है। भगवान हमेशा मानव की गलतियों को माफ करते हैं। भगवान सब में विराजमान है। भगवान कण कण में विराजमान है और भक्ति के बल पर उनके दर्शन किए जा सकते हैं। कथा में मुख्य यजमान रवि गोस्वामी, कौशल्या, अलका, ममता, आशा, निशा, भोपाल सिंह, सुनील तायल, आनंद कुमार, अशोक कुमार, सलेकचंद आदि मौजूद रहे।



## विज्ञान संकाय में अतिथि व्याख्यान एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**मुजफ्फरनगर केसरी**
**मुजफ्फरनगर।** एस०डी०कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के सभागार में आन्तरिक गुणवत्ता एवं सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) के तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में अतिथि व्याख्यान एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा० सचिन गोयल ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रध्छात्राओं को महाविद्यालय को जानने का अवसर मिलता है व महाविद्यालय में होने वाली शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियों, का पता चलता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा० सचिन गोयल, मुख्य वक्ता श्री अक्षय शर्माए कस्टम इंस्पेक्टरए मुंबईए विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डा० सौरभ जैन (आईक्यूएसी समन्वयक) एवं डा० मोनिका रुहेला द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ करते हुए सर्वप्रथम मुख्य वक्ता श्री अक्षय शर्मा ने अपने व्याख्यान में कहा की इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम इक्विलाइज एक कॉल टू एक्शन है।यूएन एड्स के अनुसार इसका मतलब है कि एड्स को खत्म करने की लड़ाई में बाधा डालने वाले अन्याय को खत्म करने के लिए सभी को काम करना चाहिए। विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा० सौरभ जैन ने बताया की विश्व एड्स दिवस महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जनता और सरकार को याद दिलाता है कि यह एक गंभीर समस्या है जिसके लिए तत्काल धन, जागरूकता, पूर्वाग्रह के उन्मूलन और बेहतर शैक्षिक अवसरों की जररूत है।

व्याख्यान के पश्चात हुई भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों इकरा, आस्था, अनन्या, अजहर, गौतम उटवाल, प्रीत रुहेला,अग्रता, परी तायल, मानसी, मुनीर, अनामिका, रेखा अरोरा, कशिश भटिआ आदि ने अपने अपने विचार रखे । प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परी तायलए द्वितीय स्थान अग्रता एवं तृतीय स्थान अनन्या त्यागी ने प्राप्त किया । अजहर एवं कशिश भटिआ को सांत्वना पुरुस्कार मिला ।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता मोनिका पंवार के साथ अनन्या एवं आस्था ने किया । कार्यक्रम के अंत में डा० मोनिका रुहेला ने मुख्या वक्ता एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया एवं सभी प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डा० बुशरा अकिल, डा० महेन्द्र सिंह, डा० रविन्द्र कुमार, डा० ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, गौरव बालियान, रजत धारिवाल, तनु सिंह, वंशिका गुप्ता, शिखा पाल, कृष्ण कुमार, रविश, दीपक, अनमोल आदि मौजूद रहे



## मण्डल के प्रथम सामुदायिक आर.ओ. संयंत्र का मण्डलायुक्त ने किया लोकार्पण

सहारनपुर। मण्डलायुक्त डा० लोकेश एम० ने ग्राम पंचायत नैनसोब विकास खण्ड नागल में जल निगम ग्रामीण द्वारा निर्मित कराये गये मण्डल के प्रथम सामुदायिक आर०ओ० संयंत्र का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होने जन सामान्य को बडे ही सरलतम तरीके से सुरक्षित पेयजल के महत्व को बताते हुए पेयजल श्रोंतों के संरक्षण, सवंर्धन एवं सुव्यवस्थित रूप से सामुदायिक आर०ओ० संयंत्र को संचालित करने का सुझाव दिया। उन्होने सुरक्षित पेयजल से सुन्दर स्वास्थ्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जनसामान्य का आवाहन किया कि सामुदायिक प्रयास से सुरक्षित पेयजल की दिशा में रचनात्मक प्रयास किया जाए मण्डलायुक्त के मार्गदर्शन एवं जिलाधिकारी अखिलेश सिंह के सतत प्रयासों के द्वारा इस कार्य को पूर्ण किया गया है। अवगत कराना है कि प्रथम सामुदायिक आर०ओ० संयंत्र की स्थापना, मैसर्स वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा०लि० एवं मैसर्स एन०के०जी० इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा०लि० के सी०एस०आर० फण्ड से करायी गयी। इस ग्राम पंचायत को चुनने का मुख्य उद्देश्य यह था कि यहाँ का पानी खारा था। इसीलिए कर्नाटक से मंगाकर इस संयंत्र की स्थापना ग्राम पंचायत में की गयी। सामुदायिक आर०ओ० संयंत्र के द्वारा ग्राम पंचायत में निवासरत ५५० परिवारों को प्रतिदिन २० लीटर पानी निःशुल्क रूप से मिलेगा जिससे ग्रामवासियों को जल जनित बीमारियों से निजात मिलेगी। मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार ने सुरक्षित पेयजल की दिशा में किये जा रहे विभागीय प्रयासों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जल निगम (ग्रामीण) द्वारा मण्डल के प्रथम सामुदायिक आर०ओ० संयंत्र से निकलने वाले शुद्ध पेयजल में प्राकृतिक रूप से समस्त तत्व मिलेंगे। यदि प्राकृतिक जल में कोई तत्व नही है तो उसकी पूर्ति सामुदायिक आर०ओ० संयंत्र द्वारा की जायेगी। सामुदायिक आर०ओ० संयंत्र के पानी का प्रयोग पोछा लगाने, बर्तन धोने एवं पशु प्रयोग हेतु नही किया जायेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण अमित कुमार वर्मा खण्ड विकास अधिकारी नागल अम्बरीश कुमार ग्राम प्रधान आनन्द, सोनिया सिंह सहित सैकडों ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## चेकिंग अभियान के दौरान काटे चालान



शामली। यातायात पुलिस द्वारा शनिवार को चलाए गए चेकिंग अभियान में ८० वाहनों के चालान काटे गए। वहीं एक वाहन से काली फिल्म उतारी गयी। जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस द्वारा प्रतिदिन शहर में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर जहां वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है वहीं नियमों का पालन न करने वाले चालकों के चालान भी काटे जा रहे हैं। गुरुवार को भी यातायात प्रभारी संजय राणा व मुख्य आरक्षी ओमबीर नरवाल के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले ८० वाहन चालकों के चालान काटे। संजय राणा ने बताया कि गुरुवार को बिना हेलमेट के ५२, माल वाहक के १, बिना सीट बैल्ट के १२, तीन सवारी के ५, मोबाइल प्रयोग के १, बिना डीएल के ३, प्रेशर हार्न के २, गलत साइड के ३ व यातायात उल्लंघन के मामले में १ वाहन सहित ८० वाहनों के चालान काटे। इसके अलावा टीम ने अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट भी वितरित किए।

# सपा नेताओं से की जयंत चौधरी ने मुलाकात

## सपा नेताओं से सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी के आवास पर पहुंचकर जयंत चौधरी ने की चर्चा



**मुजफ्फरनगर केसरी**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के वरिष्ठ सपा नेताओं व महत्वपूर्ण पदाधिकारियो से वार्ता के लिए जयंत चौधरी सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी के आवास पर पहुंचे। रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी ने सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट,पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक,पूर्व सांसद राजपाल सैनी,विधायक अनिल कुमार,विधायक चंदन चौहान,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राकेश शर्मा, हाजी लियाकत अली,महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी,पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी,पूर्व मंत्री महेश बंसल,सपा नेता अब्दुल्ला राणा,पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी,सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन, सपा जिला कोषाध्यक्ष असद पाशा,विनय पाल पूर्व प्रमुख,सपा जिला कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल, सपा नेता उमेश त्यागी, हारून अली,शमशेर मलिक, रोहन त्यागी,संदीप धनगर,यूसुफ अली गौर,डॉ नूर हसन सलमानी,सत्यवीर त्यागी,शिवम त्यागी, सुशील त्यागी,रूबी त्यागी,सागर कश्यप, वसीम राणा,शिवम त्रिपाठी से मुलाकात कर उनसे खतौली विधानसभा उपचुनाव के सम्बन्ध में विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। रालोद के राष्ट्रीय जयंत चौधरी के साथ रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक,मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर मौजूद रहे।

# सामूहिक राष्ट्रगान का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरनगर केसरी**


**मुजफ्फरनगर।** जनपद के प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा है कि हमारा देश हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद हैं और जिंदाबाद रहेगा, लेकिन यह तभी संभव है, हम सभी मिलकर प्रेम से रहेंगे और सभी धर्मों का सम्मान करेंगे। श्री चौधरी खालापार में टंकी चौक पर सामूहिक राष्ट्रगान में शामिल हुए लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

संयुक्त समाजसेवी टीम द्वारा लगभग पिछले डेढ़ सालों से लगातार अपने राष्ट्रीय ध्वज एवं फौजियों के सम्मान में हर माह की १ तारीख को शहर को मुख्य चौराहे पर सामूहिक राष्ट्रगान किया जाता है, इसी श्रंखला में आज सामूहिक राष्ट्रगान खालापार फकरशाह चौक टंकी पर, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांतीय अध्यक्ष फेजू रहमान के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू व मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे और पूरे जोश के साथ सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। हिंदुस्तान जिंदाबाद व भारत माता की जय के नारों के साथ सारा माहौल देशभक्ति से परिपूर्ण हो गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि हमारे देश की यही सबसे बड़ी खूबसूरती है कि सभी धर्मों के लोग मिलकर साथ रहते हैं और एक दूसरे के सुख दुख में साथ खड़े होकर विभिन्न मौकों पर एकजुटता का परिचय देते हैं। यही कारण है कि मुजफ्फरनगर को मौहब्बतनगर कहा जाता है। आज के कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मेरठ प्रांत संयोजक फैजुरहमान ने कहा कि सामूहिक राष्ट्रगान के कार्यक्रम से हम सभी में देशभक्ति की भावना का संचार होता है। उन्होंने बताया कि अगला सामूहिक राष्ट्रगान एक जनवरी को किदवई नगर में राणा की कोठी के पास स्थित चौराहे पर होगा। इस मौके पर हाजी जियाउर्रहमान भटटे वाले ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सांप्रदायिक सौहार्द बढता है और समाज का माहौल बिगाड़ने वालों को मुंहतोड़ जवाब मिलता है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारत लोक सेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी, हाजी जियाउर्रहमान भटटे वाले, भारतवीर प्रधान, दिलशाद पहलवान, जितेन्द्र सिंह कुश्ती कोच, नवीन कश्यप, सुमित मलिक, मुन्नू कश्यप, सतपाल सिंह, जयदेव पंवार, युवराज सक्षम चौधरी, सौरभ चौधरी, कृष्णा चौधरी, डा. नजमुल हसन जैदी, डा. अबरार इलाही, डा. अब्दुल खालिक, आसिफ अंसारी, वकार अहमद, इरफान, अमजद कुरैशी, जिया भाई के साथ ही विभिन्न स्कूलों के छोटे छोटे बच्चे भी शामिल रहे।



# खेत पर गए युवक को गोली मारी

बिजनौर। जलीलपुर क्षेत्र के गांव पाडला में खेत पर गए युवक पर गांव के ही युवकों ने हमला कर दिया। आरोप है कि उन्होंने तमंचे से उस पर फायर कर दिया। जिससे बाएं हाथ की बाजू पर गोली लगने से वह घायल हो गया। शोर मचाने पर आरोपित फरार हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो भाइयों को नामजद करते हुए चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के गांव पाडला निवासी ऋषभ पुत्र राजकुमार यादव मंगलवार देर रात अपने खेत पर गया था। वहां समय–समय पर बेसहारा पशु फसलों को नुकसान पहुंचाते है। वह उन्हें खेत से खदेड़ रहा था कि तभी गांव निवासी काले व भूरे पुत्र मुस्तफा दो अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचे और उसे धमकी देने लगे। आरोप है कि वह ऋषभ व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। ऋषभ के विरोध करने पर आरोपितों ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया। इस बीच गोली ऋषभ के बाएं हाथ की बाजू में लग गई और वह घायल हो गया।



## Health benefits of beans

Protein. Protein is a vital nutrient that plays a key role in maintaining and repairing the body. ...Folate. Beans contain several vital nutrients, including folate. ...Antioxidants. ...Heart health. ...Reduced risk of cancer. ...Diabetes and glucose metabolism. ...Preventing fatty liver. ...Controlling appetite.

बीन्स के स्वास्थ्य लाभ प्रोटीन। प्रोटीन एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है जो शरीर को बनाए रखने और मरम्मत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ...फोलेट। बीन्स में फोलेट सहित कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। ...एंटीऑक्सीडेंट। ...दिल दिमाग। ...कैंसर के खतरे को कम करता है। ...मधुमेह और ग्लूकोज चयापचय। ...फैटी लीवर को रोकना. ... भूख को नियंत्रित करना।

**Senior Consultant Dietitian**
**Dt .Ayushi Aggarwal**
**Cont:9458565668**

**Muzaffarnagar 1st**
**Diet Nutri Clinic & Health Wellness Center**
**(Chaudhery Charan Singh Market Mahaveer Chowk Muzaffarnagar U.P)**

# संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मुजफ्फरनगर। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनपद के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा उ0प्र0 राज्य एड्स नियत्रण सोसायटी के निर्देशानुसार आज एस0डी0 कालेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोकेश्नल स्टडीज और ग्रामीण विकास एवं मानव सेवा संस्थान के संयुक्त सौजन्य से एक संगोष्ठी, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ संयुक्त रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एम0एस0 फौजदार, डी0टी0ओ0 डा0 लोकेश चन्द्र गुप्ता, ए0सी0एम0ओ0 डा0 अरविन्द पंवार, डब्लू0 एच0 ओ0 कंसलटेन्ट डा0 उमर, ए0आर0टी0 डा0 मुज्जब्बिर, ज्योत्सना कुमारी और एस0डी0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी निदेशक डा0 अरविन्द कुमार द्वारा फीता काटकर व मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ववलित करके किया गया। विश्व एड्स दिवस के लिए इस वर्ष की थीम ''इक्वलाइज़'' निर्धारित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 एम0एस0 फौजदार ने अपने सम्बोधन में कहा कि एड्स जैसी बीमारियों का सामना करने के लिए हमें अपने आपको जागरूक और अपनी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना चाहिए और एड्स से सम्बन्धित समाज में व्यापत कुरीतियों का खंडन किया। डी0टी0ओ0 डा0 लोकेश चन्द्र गुप्ता, उन्होंने कहा कि हम किसी व्यक्ति को देखकर नही बता सकते कि वह एचआईवी से ग्रस्त है अथवा नहीं। व्यक्ति स्वयं भी इसके बारे में जाने बिना वर्षो जिंदा रह सकता है। एचआईवी से ग्रस्त व्यक्ति एकदम भला– चंगा और स्वस्थ महसूस कर सकता है तथा अनजाने में असुरक्षित संभोग के माध्यम से अन्य पुरूष/महिलाओ में संक्रमण फैला सकता है इसलिए यह अति आवश्यक है कि व्यक्ति अपनी एचआईवी स्थिति को जानें। इससे जानने का एकमात्र तरीका है – जिला चिकित्सालय और महिला चिकित्सालय, परामर्श एवं परीक्षण केन्द्र (आईसीटीसी) पर रक्त की निःशुल्क जॉच करा सकता है। कॉलेज निदेशक डा0 अरविन्द कुमार ने सभी आगुन्तको का आभार वक्त करते हुए अपने सम्बोधान में कहा कि एड्स जैसी बीमारियों से दूर रहने के लिए संयमित जीवन शैली व जागरूकता ही बचाव का कार्य करती है। मंच का संचालन ईशान अग्रवाल ने सफलतापूर्वक किया। कालेज के सभागार में थीम पर आयोजित पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में बी0फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र हर्षित प्रथम और साक्षी पाल द्वितीय व डी0 फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र अनस तृतीय स्थान पर रहे। स्पीच प्रतियोगिता में बी0फार्मा द्वितीय वर्ष की छात्रा फतिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और बी0फार्मा चतुर्थ वर्ष की प्रतीक्षा द्वितीय व बी0 फार्मा तृतीय वर्ष की सिद्रा तृतीय स्थान पर रही। विजेता होने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टी0आई एन0जी0ओ0 की तरफ से लगभग 100 प्रतिभागियों को बॉल पैन, एवं एड्स जानकारी सम्बन्धी प्रचार–प्रसार साम्रगी वितरित की गई। इस अवसर पर एस0एस0के0 साजिद, शहबान, प्रिया, प्रवीण, संजीव, हेमन्त, अभिषेक, नीलम, विकास, चंचल, शोभित, व संस्थान के सभी पदाधिकारीगण व प्रवक्ता डा0 वैशाली सिंह, डा0 भुवनेन्द्र सिंह, विमल कुमार भारती, हरेन्द्र कुमार, पल्लवी, राबिया, पोपिन कुमार, कुलदीप सैनी, बसन्त कुमार, रश्मि, लीजू जैन, संध्या गर्ग, रवि कुमार, कुलदीप सिंह, मिनाता, अनुराग, सुनीता, हिमांशु पाल, वैष्णों, विवेक, सना जैदी, सुबोध कुमार, सोनू कुमार, रोहित कुमार, विनय कुमार, आरिफ, विकास कुमार, राहुल कुमार, अंकित, वरूण, भावना, अश्वनी, आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।





# हिन्दू जागरण मंच ने की कार्यवाही की मांग





मुजफ्फरनगर। हिन्दू जागरण मंच जिलासंयोजक नरेंद्र पंवार को सूचना मिली की शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कुछ लोग एक गरीब व्यक्ति की जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहे है। जिला संयोजक नरेंद्र पंवार टीम के साथ शहर कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने पीड़ित परिवार व समाज को साथ लेकर शहर कोतवाली पर प्रदर्शन करते हुए पीड़ित को न्याय व आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। श्री पंवार ने बताया की आज हमने शहर कोतवाली इंस्पेक्टर से मिलकर बताया की उक्त व्यक्ति की जमीन पर फसल को नष्ट कर कब्जे के प्रयास किया जा रहा है उन्होने इस मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में नगरमहामंत्री अखिलेश पुरी,अजय माहेश्वरी,ज्योति कश्यप,मनोज कश्यप, संजय कश्यप,सहित दर्जनों समाज के लोग उपस्थित रहे।

# समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

शाहपुर। विकासखंड शाहपुर में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, आर॰सी॰सी॰ सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं ग्रामीण आजीविका मिशन तथा आइजीआरएस इत्यादि कार्यों की गहन समीक्षा की गई। विकासखंड शाहपुर में श्री ओमवीर सिंह खंड विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, आर॰सी॰सी॰ सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं ग्रामीण आजीविका मिशन तथा आइजीआरएस इत्यादि कार्यों की गहन समीक्षा की गई। तथा बैठक से अनुपस्थित पाए गए कर्मचारी का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश निर्गत किए गए।



# आबकारी विभाग की टीम ने की छापेमारी



मुजफ्फरनगर। जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश के निर्देश पर आबकारी निरीक्षकों की टीम द्वारा ढक्कन एवम बोतलों के कबाड़ी व्यापारियों के यहाँ छापेमारी की गयी। वहां पड़े ढक्कन एवम बोतलों को सूक्ष्मता से जांचा गया कि कही उनका उपयोग नकली शराब की भराई आदि में तो नहीं किया जा रहा। संबंधित व्यापारियों को कड़ाई से निर्देशित किया गया कि इन ढक्कनों एवम बोतलों को अगर किसी व्यक्ति को बेचते हैं तो सबसे पहले विभाग को सूचित करेंगे, इनका उपयोग सिर्फ कबाड़ में ही करें। शहर क्षेत्र के मल्लूपुरा, दधेडु, रोहाना एवम कच्ची सड़क के कबाड़ के गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार एवम शैलेश कुमार अपने टीम के साथ उपस्थित रहे।




**(मुजफ्फरनगर केसरी) मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष,पूर्व राज्यसभा सांसद, एवं वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय कार्यकारिणी भाजपा श्री नरेश अग्रवाल द्वारा तीन मूर्ति लेन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा आदरणीय सुनील बंसल जी का स्वागत वरिष्ठ व्यापारी व भाजपा नेता कृष्ण गोपाल मित्तल,भाजपा नेता गौरव स्वरूप,नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी द्वारा किया गया,इस दौरान प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल,शिव कुमार सिंघल,वासु गोयल,मयंक गोयल,सौरभ मित्तल, चंदन गुप्ता,पवन अग्रवाल सहित व्यापार संगठन के अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नोएडा की पुलिस आयुक्त बनी आईपीएस अधिकारी लक्ष्मी सिंह

नोएडा। आईपीएस अधिकारी लक्ष्मी सिंह ने गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) की पुलिस आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा, वर्किंग सिटी होने के साथ–साथ नोएडा की अपनी लोकप्रियता और चुनौती है। उसे संभालना और बेहतर पुलिसिंग करना हमारी प्राथमिकताओं में रहेगा। काफी संख्या में महिलाएं यहां पर कार्य करती है उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना भी हमारी प्राथमिकता होगी। आम लोगों के साथ संवाद बढ़ाकर उनके लिए कार्य करना है।







